## खबर संक्षेप

### आज मनाई जाएगी पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि

**छिन्दवाड़ाः-** स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. श्री पं. जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि आज दिनांक 27 मई 2025 दिन मंगलवार को जिला मुख्यालय सहित जिले के समस्त ब्लॉक मुख्यालयों एवं उप ब्लॉक मुख्यालयों पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. श्री जवाहरलाल नेहरू जी "चाचा" नेहरू की पुण्यतिथि सभी ब्लॉक मुख्यालयों व उप ब्लॉक मुख्यालयों पर मनाने हेतु ब्लॉक अध्यक्ष एवं उप ब्लॉक अध्यक्षगणों को निर्देशित किया है। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जवहारलाल नेहरू जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालें साथ ही देश के नवनिर्माण में प्रथम प्रधानमंत्री जी के योगदान को जन-जन तक पहुंचाएं। श्री ओकटे ने चाचा नेहरू जी की पुण्यतिथि को श्रद्धा एवं संकल्प के साथ मनाने हेतु निर्देशित किया है।

### शहर कांग्रेस व एससी सेल के पदाधिकारियों ने देखी फुले फिल्म




**छिन्दवाड़ाः-** समाज सुधारक ज्योतिबा फुले एवं सावित्री बाई फुले के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक फिल्म "फुले" शहर कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस एससी सेल के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण ने सामूहिक रूप से देखी। फिल्म में समाज के निचले तबके के लोगों की जीवन शैली उनके उत्थान के साथ ही बालिकाओं की शिक्षा, विधवा पुनर्वास व प्लेग पीड़ितों की मदद के प्रयास व संघर्षों के ईद-गिर्द घूमती हुई फिल्म को शहर कांग्रेस कमेटी व कांग्रेस एससीसी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से देखी।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

# अब बिना हेलमेट के नहीं मिलेगा चालकों को पेट्रोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा (टीएल) समीक्षा बैठक में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सीएम हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री निवास, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से संबंधित लंबित मामलों पर भी विशेष रूप से चर्चा की। बैठक में समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर विस्तार से मंथन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतों का निराकरण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूर्व की भांति इस बार भी जिला A ग्रेड प्राप्त करें, इसके लिए अभी से सतत प्रयास प्रारंभ करें। श्री सिंह ने यह भी कहा कि निम्न गुणवत्ता के आधार पर प्रकरण बंद करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाए।

बैठक में जनपद सीईओ और एसडीएम को केवायसी कार्य को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए गए। सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण पर कलेक्टर ने नाराज़गी जताते हुये कहा कि किसी को भी सार्वजनिक स्थान पर कब्जा करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने पुलिस, एसडीएम और नगर निगम को निर्देश दिए कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद दोबारा कब्जा न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।



#### हेलमेट, ट्रैफिक और सुरक्षा पर सख्ती के निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देशित किया कि सभी पेट्रोल पंप संचालकों को सूचित किया जाए कि बिना हेलमेट लगाए वाहन चालकों को पेट्रोल न दिया जाए। उन्होंने बसों के अनाधिकृत स्थानों पर रुकने पर नाराज़गी व्यक्त की और ट्रैफिक व्यवस्था को कड़ाई से लागू करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक सिग्नल जम्प करने वालों पर सख्त जुर्माना लगाया जाए। उन्होंने दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों जैसे ड्रंक एंड ड्राइव, बिना हेलमेट के वाहन चलाना आदि का उल्लेख करते हुए सभी थानों के आसपास ब्रेथ एनालाइज़र से जांच कराने के निर्देश दिए।

#### लंबित प्रकरणों और किसान पंजीयन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने टीएल बैठक में लंबित सभी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि समय सीमा में समाधान नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारी का वेतन रोका जाएगा। साथ ही उन्होंने जिले में किसानों के पंजीयन कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए और कहा कि इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### पशु चिकित्सक सौंसर की टीम ने बनाया पंचनामा

## घोघरीखापा में आकाशीय बिजली गिरने से गाय की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौंसर

आकाशीय बिजली गिरने के चलते मोहगाव क्षेत्र के घोघरीखापा सोमवार को एक गाय की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार घोघरिखापा में किसान रमेश देवराव ठाकरे के खेत मे दोपहर में हुई बारिश के साथ बिजली गिरने से गाय की मौत हो गई है। चर्चा के दौरान किसान ठाकरे ने बताया कि सुबह वह खेत में आने के बाद गाय को रोज की तरह खेत के एक पेड़ के नीचे बांध कर चारा डाल दिया था,दोपहर हुई बारिश बिजली से गाय के ऊपर बिजली गिर जाने से उसकी मृत्यु हो गई है। गाय के पेट में 8 से 9 माहींने का बछड़ा भी था। गाय की कीमत 70 से 80,हजार रु बताई जा रही है,अचानक हुए हादसे पूरा परिवार दुःखी है। घटना की सौसर पशु चिकित्सा अधिकारी पशु चिकित्सक सौसर की टीम द्वारा पोस्टमार्टम कर पंचनामा और प्रकरण बनाया गया।

# बिजली अनियमितता की जानकारी देने पर मिलेगा 50 हजार का इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा

म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड छिंदवाड़ा के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं को पारदर्शी, जिम्मेदार और सहभागितापूर्ण सेवाएँ प्रदान करने की दिशा में मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने एक अभिनव पहल की है- **सोशल ऑडिट** प्रणाली और ₹व्ही-मित्र₹ ऐप का शुभारंभ। इसका उद्देश्य बिजली वितरण व्यवस्था को जन-सहभागिता के माध्यम से अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनाना है।

**क्या है सोशल ऑडिट ? -** सोशल ऑडिट एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें समाज खुद सार्वजनिक या निजी योजनाओं और सेवाओं की निगरानी करता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे पारदर्शी और उचित ढंग से लागू हो रही हैं। यह ₹जनता का ऑडिट, जनता द्वारा, जनता के लिए₹ के सिद्धांत पर आधारित है।

**विद्युत वितरण में सोशल ऑडिट की आवश्यकता क्यों ? -**

1. बिजली चोरी और मीटर टैम्परिंग पर रोक- सोशल ऑडिट से नागरिक संदिग्ध गतिविधियों की पहचान कर तुरंत रिपोर्ट कर सकते हैं, जिससे समय पर कार्रवाई संभव होती है। 2. जन सहभागिता को प्रोत्साहन- उपभोक्ता केवल सेवा प्राप्तकर्ता नहीं, बल्कि अब निगरानीकर्ता भी बनेंगे। इससे जागरूकता और उत्तरदायित्व बढ़ेगा। 3. पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार- शिकायतों का ट्रैकिंग सिस्टम उपभोक्ता और कंपनी दोनों के लिए खुला रहेगा, जिससे विश्वास बढ़ेगा। 4. समस्याओं का समय पर समाधान- ऐप के माध्यम से शिकायतों का त्वरित पंजीकरण और समाधान संभव हो सकेगा। 5. सेवा प्रदाता पर विश्वास की स्थापना- आमजन की भागीदारी से पूर्व क्षेत्र कम्पनी एक उपभोक्ता केन्द्रित और उत्तरदायी संस्था के रूप में उभरेगी।

**नागरिकों की भूमिका -** बिजली उपयोग पर नजर रखना, अनियमितताओं की रिपोर्ट करना, ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना, अवैध कनेक्शन का विरोध करना, फीडबैक देना और सुधारों की मांग करना इत्यादि। **व्ही-मित्र** ऐप इसका उद्देश्य नैतिकता और पारदर्शिता बनाए रखना व नागरिक-केन्द्रित सोशल ऑडिट प्लेटफॉर्म बनाना, जो डिजिटल इंडिया और गुड गवर्नेस के सिद्धांतों के अनुरूप है।

**ऐप के उद्देश्य-** वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता लाना, उपभोक्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाना, बिजली चोरी और अनधिकृत कनेक्शनों पर अंकुश, फील्ड स्टाफ की जवाबदेही सुनिश्चित करना, सामुदायिक निगरानी तंत्र विकसित करना आदि। व्ही-मित्र₹ ऐप के माध्यम से आम जनता किसी भी बिजली अनियमितता संबंधी समस्या की रिपोर्ट करने में सक्षम होती है, जैसे कि उपभोक्ता की भू-निर्देशांक की अनुपलब्धता या गलत होना, गलत मीटर रीडिंग, अतिरिक्त लोड उपयोग, गलत टैरिफ श्रेणी, एक ही परिसर में कई कनेक्शन, मीटर से छेड़छाड़ या बाईपास, दोषपूर्ण मीटर, गलत सोलर मीटर रीडिंग, अनाधिकृत बिजली विस्तार, बिजली चोरी या अवैध कनेक्शन, कंज्यूमर इंडेक्सींग एरर, ट्रांसफार्मर इंडेक्सींग एरर संबंधी विसंगतियाँ व एलटी/एचटी कनेक्शन में गलत एम.एफ. इत्यादि।

#### सीधे बैंक खाते में पा सकते है पचास हजार का इनाम

उन्होंने बताया कि अब आम जनता बिजली संबंधी किसी भी प्रकार की अनियमितता करने वालो की जानकारी ऐप के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज कर सकते है। साथ ही जानकारी देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। शिकायत की मॉनीटरिंग एवं समय सीमा में शिकायत पर कार्यवाही की जानकारी ऐप के माध्यम से प्राप्त कर सकते है एवं सही जानकारी देने पर 50,000 रूपये तक का इनाम सीधे बैंक खाते में पा सकते हैं।

### ग्राम अधिकारियों एवं सत्यापनकर्ता दल की आवश्यक बैठक संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग छिंदवाडा के निर्देशों के परिपालन में जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत सैचुरेशन की कार्रवाई के लिये 24 मई 2025 को सामुदायिक भवन जनपद पंचायत तामिया में धरती आबा के सर्वे दल ग्राम अधिकारी, सहायक ग्राम अधिकारियों एवं सत्यापनकर्ता दल की आवश्यक बैठक ली गई। इस बैठक में सर्वे दल एवं सत्यापन दल के सभी सदस्य उपस्थित हुये।

करते हुए अति शीघ्रता से सभी सेचूरेशन का कार्य पूर्ण करने के लिये सभी शिक्षकों, पटवारी, रोजगार सहायक एवं पंचायत सचिवों को निर्देश दिये गये। इस बैठक में नायब तहसीलदार तामिया एवं जनजातीय कार्य विभाग से क्षेत्र संयोजक श्री रवि कनौजिया एवं श्री मनीष बोरकर एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तामिया उपस्थित थे ।

## फांसी लगाकर वेकोलि कामगार ने दी जान

**शिवपुरी / परासिया :** शिवपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत भोकई कालोनी में एक वेकोलि कामगार ने फांसी लगाकर जान दे दी । मृतक सोमनारायण पिता राजाराम नेहरिया कोयला खदान में जनरल मजदूर था । बताया जा रहा है , कि मृतक शराब का आदि था और वह कर्ज से परेशान था । मृतक की दो बेटिया हैं जिसमें एक विवाह योग्य है ।



## मेहनत, हौसले से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बनी सबीना



**छिन्दवाड़ा।** छिंदवाड़ा जिले के डोंगर परासिया नगर के वार्ड क्रमांक-08 में रहने वाली सबीना बानों ने अपनी हनत, हौसले और स्व-रोजगार योजना की मदद से आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम की है। आज वे अपनी किराना और कॉस्मेटिक्स की दुकान से महीने में नहीं बल्कि प्रतिद्दिन 3 से 5 हजार रूपये तक का शुध्द लाभ प्राप्त कर रही हैं। उनकी कहानी उन लाखों महिलाओं के लिए प्रेरणा है, जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने आत्मसम्मान और परिवार की खुशहाली के लिए संघर्ष करती है।

सबीना बानों ने भौतिकी (फिजिक्स) में पोस्ट ग्रेजुएशन तक शिक्षा प्राप्त की है, लेकिन पारिवारिक हालात ऐसे नहीं थे कि वह अपने ज्ञान का सही उपयोग कर पाती। पढ़ाई पूरी करने के बाद भी उन्हें दूसरों के घरों में काम करना पड़ा। कभी 100 रुपये, कभी 200 रुपये और कभी-कभी 500 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी मिलती थी। महीनेभर काम करने पर भी बमुश्किल 2 से 5 हजार रुपये की कमाई होती थी। इतनी आमदनी में परिवार का भरण-पोषण करना अत्यंत कठिन था।

### परामर्शदात्री समिति की तिमाही बैठक आज

**छिंदवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में 27 मई मंगलवार को दोपहर 3 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति और जिला स्तरीय समीक्षा समिति की तिमाही बैठक का आयोजन किया गया है। अग्रणी जिला प्रबंधक अजय कुमार ने सभी बैंकों के जिला समन्वयकों और संबंधित विभाग के अधिकारियों को जानकारी के साथ बैठक में स्वयं उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

### जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई

**छिंदवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं ब्लॉक समन्वयक संजीव भावरकर के मार्गदर्शन में विकासखंड परासिया के सेक्टर क्रमांक-03 मानकादेही के धार्मिक स्थल श्री दुर्गा मंदिर में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के छात्रों के द्वारा मंदिर के आसपास फैले प्रदूषण की साफ-सफाई कार्य किया गया तथा मंदिर परिसर के आसपास पड़ी पॉलीथिन डिस्पोजल कचरा को साफ किया गया।

## संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं से सतत संपर्क बनाए रखें: हितानंद

### विभिन्न बैठकों को संबोधित कर चौरई में देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर संगोष्ठी को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानन्द ने सोमवार को छिंदवाड़ा भाजपा कार्यालय में जिला कोर कमेटी, मंडल अध्यक्षों एवं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं सहित जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्षों की बैठक को संबोधित कर चौरई में देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित किया।

पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि हमें संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए काम करना है। संगठन की मजबूती के लिए हमें कार्यकर्ताओं के साथ लगातार संपर्क और संवाद बनाए रखना है। देवी अहिल्या बाई होल्कर ने समाज व राष्ट्र उत्थान के कार्यों में आदर्श स्थापित किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण की नीतियां देवी अहिल्याबाई होल्कर से प्रेरित हैं।




**संगठन कार्यों में बढ़े सभी की सहभागिता**

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने बैठकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों के साथ संपर्क और संवाद बढ़ाने के लिए टिफिन पार्टी अच्छा माध्यम हो सकता है। इस दौरान विचारों का आदान- प्रदान करें तथा कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास करें। इससे संगठन के कार्यों में सभी की सहभागिता बढ़ेगी। हितानंद ने कहा कि बूथ स्तर पर हर महीने में एक बार किसी भी स्थान का चयन करके वहां चाय आयोजित की जा सकती है, जिसके दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं मेल-जोल हो सकता हे। इस तरह के आयोजन किसी कार्यकर्ता के निवास पर भी हो सकते हैं, जहां संबंधित कार्यकर्ता के परिजनों से भेंट कर उन्हें संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी देते हुए पार्टी के काम से जोड़ा जा सकता है। ध्यान रखें, हम अलग-अलग परिवारों के जितने अधिक सदस्यों को सक्रिय करेंगे।

#### देवी अहिल्याबाई ने सनातन सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखा

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने चौरई में देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर संगोष्ठी को किया संबोधित करते हुए कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर ने जीवन में कठिनाइयों के बावजूद सफल नेतृत्व दिया। देवी अहिल्या बाई की सेवा, त्याग, तपस्या, सुशासन, लोक कल्याण और धर्म व अध्यात्म को लेकर किए गए अनुकरणीय कार्यों से हमें प्रेरणा मिलती है। देवी अहिल्याबाई ने हमारी सनातन सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी नेतृत्व कुशलता 300 वर्षों के बाद आज भी प्रासंगिक एवं जीवंत है। वर्तमान में हमारी सरकारें जिस उद्देश्य व ध्येय के साथ आगे बढ़ रही हैं, कहीं ना कहीं राष्ट्र निर्माण की हमारी यह प्रक्रिया देवी अहिल्या बाई होल्कर की नीतियों से प्रेरित हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भाजपा सरकारों के अंत्योदय का लक्ष्य 'सबका साथ-सबका विकास' के मूल मंत्र के साथ सभी को पक्का आवास दिलाना है।

## एसडीओपी ने उर्स कमेटी को भेजा नोटिस

### उर्स के दौरान युवकों के बीच हुई चाकूबाजी, पुलिस ने संभाला मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परासिया

परासिया पुलिस अनुविगीय अधिकारी (एसडीओपी) जितेन्द्र सिंह जाट ने उर्स कमेटी चांदामेटा को नोटिस भेजकर तीन दिनों के अंदर जवाब मांगा है । यह नोटिस उर्स में व्यापक अव्यवस्थाओं को लेकर भेजा गया है ।गौरतलब है , कि 22 म ई को बाबा चांदशाह वली के 69 वें उर्स का समापन था । जिसमें मुंबई के कव्वाल शब्बीर सदाकत साबरी और रईस अनीश साबरी ने कव्वाली पेश की । उर्स में लगभग 25 से 30 हजार लोग शामिल हुए । भीड़ के मद्देनज़र उर्स कमेटी के द्वारा समुचित व्यवस्था में बरती गई लापरवाही , पुलिस के द्वारा दिए गए निर्देशों का उल्लंघन करने , सुबह तक कार्यक्रम चलाए रखने , देर रात तक निकाले ग ए संदलों में तेज आवाज में डीजे बजाने , समुचित वालेन्टिर व्यवस्था न करने , कव्वाली स्थल के समीप ही दुकानें लगवाने आदि को लेकर जवाब मांगा गया है ।

#### हुई चाकूबाजी

उर्स के दौरान चाकूबाजी होने का मामला भी सामने आया है । मिली जानकारी के अनुसार उर्स में अमरावती (महाराष्ट्र) से आए कुछ युवकों और छिंदवाड़ा से आए कुछ युवकों के बीच चाकूबाजी हुई जिसमें दोनों तरफ के लोगों को चाकू लगी । पुलिस ने समय रहते मामला संभाला।

## प्रदेश संगठन महामंत्री ने दिया कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन

**सौंसर।** भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा ने जिले के मंडल अध्यक्षों प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर - छिंदवाड़ा पांढुर्णा सांसद विवेक बंटी साहू, पूर्व मंत्री नाना मोहोड, जिला प्रभारी अनिल कुशवाहा,प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले,श्रीमती वैशाली महाले,राजु परमार,संतोष जैन,जिला महामंत्री राहुल मोहड़,जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते,सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंद्रचांद डागा,मोहगांव नगर परिषद अध्यक्ष संदीप घाडोडे,आदि थे।बैठक के दौरान संगठन के साथ-साथ सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार एवं हितग्राहियों को लाभ देने को लेकर चर्चा की गई है।




### चार दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आएंगे नकुल-कमलनाथ

**छिन्दवाड़ाः-** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का छिन्दवाड़ा आगमन होने जा रहा है। चार दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आगमन उपरांत नेताद्वय विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार कमलनाथ एवं नकुलनाथ का 31 मई को छिन्दवाड़ा आगमन होगा। आगमन उपरांत नेताद्वय जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित एवं अन्य पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। दिनांक 3 जून 2025 को नकुल-कमलनाथ छिन्दवाड़ा से प्रस्थान करेंगे।

### परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा छिन्दवाड़ा-सिवनी मार्ग में वाहनों की सघन जाँच

# 2 ट्रेक्टर वाहनों से लिया 68900 रूपये का जुर्माना, एक यात्री वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज छिन्दवाड़ा-सिवनी मार्ग पर यात्री वाहनों एवं अन्य वाहनों की सघन जाँच की गई। जांच के दौरान वाहनों के दस्तावेज जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक का वैध लाइसेंस आदि की जांच की गई। जिन वाहनों के दस्तावेजों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी छिंदवाड़ा अनुराग शुक्ला ने बताया कि छिन्दवाड़ा-सिवनी मार्ग में वाहनों की चैकिंग की गई एवं इस दौरान यात्री वाहन क्रमांक एमपी 20 पीए 2786 को सिहोरामाल के पास सिवनी रोड पर बिना परमिट के संचालित पाये जाने पर वाहन जप्त कर सुरक्षार्थ परिवहन कार्यालय छिंदवाड़ा परिसर में खड़ा कराया गया। साथ ही पूर्व में जप्त यात्री वाहन क्रमांक एमएच 12 केक्यू 1513 से बकाया म.प्र. मोटरयान कर 137409 रूपये जमा कराया गया। अन्य कार्यवाही में 2 ट्रेक्टर वाहनों से वाहन का व्यावसायिक उपयोग करने पर 68900 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई।

इसके साथ ही वाहन संचालकों को समझाईश दी गईं कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की भी कार्यवाही की जायेगी।



## प्रत्येक माह होगी कांग्रेस उप ब्लॉक की बैठक

# मध्य क्षेत्र की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में उप ब्लॉक मध्य क्षेत्र की बैठक में अहम निर्णय लिए गए। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे व शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री पप्पू यादव के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह की 15 तारीख तक उप ब्लॉक की बैठक सम्पन्न होगी। जिसमें संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ ही क्षेत्रीय स्तर पर पुनर्गठन किए जाने की कार्य योजना पर विशेष चर्चा की गई। आगामी सात दिवस के भीतर जोन प्रभारी की नियुक्ति की जाएगी। मध्य उप ब्लॉक के प्रभारी श्री शैलू मिश्रा द्वारा दिए गए सुझाव पर शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी द्वारा वार्ड क्षेत्र के सम्मानित कार्यकर्ताओं के बीच ही बैठक कर दिनांक 10 जून तक 2025 तक सहजोन प्रभारी, वार्ड अध्यक्ष, बूथ प्रभारी एवं संबंधित पदों की नियुक्ति किया जाना सुनिश्चित हुआ है।

नसीमुद्दीन खान के सुझाव पर वोटर लिस्ट का प्रत्येक बूथ में सूक्ष्म निरीक्षण करने का निर्णय पर सभी ने सहमति दी। मध्य क्षेत्र कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष राजेंद्र (गुड्डा) शर्मा के प्रस्ताव अनुरूप उप ब्लॉक को तीन भागों में क्रमशः। जोन क्र.1 में वार्ड क्र. 19,20, 26,जोन क्र. 2 में वार्ड क्र. 23,27,29 जोन क्र. 3 में वार्ड क्र. 28,30,31 को शामिल किया गया। आयोजित बैठक में शैलू मिश्रा,नसीमुद्दीन खान, जाकिर परवेज, अजय सिंहा, राजेंद्र शर्मा, जगदीश सोनी, किशोर चौरसिया, पेंटर एस कुमार, नारू सोनी, अनिल यादव, आरिफ ठाकुर, अभिषेक गुप्ता, गुड्डु सोनी, एडवोकेट प्रतिक भारद्वाज, फैज़ी खान,रिंकू जैन, बृजेश (टिंकू) राय अध्यक्ष मध्य क्षेत्र कांग्रेस कमेटी छिंदवाड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### नगर के सभी वार्डों में नजर आएगी कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की सक्रियता

**छिन्दवाड़ाः** कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग को नगर के 48 वार्डों में सक्रिय करने के साथ ही और अधिक सशक्त करने पर जोर दिया गया। उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी एवं जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ जी के हाथों को और अधिक मजबूत करने के लिए संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण एकजुट होकर नगर के वार्डों में निरंतर सक्रिय होकर कार्य करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे, पांढुर्ना जिला प्रभारी श्री गंगाप्रसाद तिवारी व जिला कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष श्री गोविंद राय व कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री गुरूचरण खरे ने आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी को एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने हेतु प्रेरित किया।

### सौंसर में एमडीए अभियान का हुआ शुभारंभ

**सौंसर।** सोमवार को एमडीए अभियान का विधायक विजय चौरे पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़, सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा के द्वारा शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय बाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन का कार्यक्रम की सफलता के लिए जनप्रतिनिधियों ने शुभकामनाएं दी, स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं एमडीएम अभियान का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार हो सके इस उद्देश्य को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।यह विकासखंड के 44 ग्रामों में अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें 74 टीमों के द्वारा प्रथम दिन 62249 लोगों को डी ई सी एवं एल्बेंडाजोल की गोलियों का सेवन कराया गया लक्षित जनसंख्या 129325 है। अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम निरंतर प्रयास कर रही है।

## सिंगोड़ी में दो दिवसीय महोत्सव आज से, निकलेगी श्री जिनेन्द्र शोभायात्रा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

धर्म नगरी छिंदवाड़ा के विद्वानों की नगरी सिंगोड़ी में श्री पार्श्वनाथ जिनालय ट्रस्ट द्वारा सुंदर एवं मनोहारी श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय का निर्माण जैन मोहल्ला में किया गया जिसका दो दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव आज मंगलवार 27 मई से प्रारंभ होने जा रहा है।महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि महोत्सव की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन स्वाध्याय भवन सिंगोड़ी में प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी डॉक्टर मनोज कुमार जैन जबलपुर, बा. ब्र. महेंद्र कुमार जैन अमायन, विशाल शास्त्री, महोत्सव के अध्यक्ष इंद्रकुमार जैन, मन्नूलाल जैन, शिखरचंद जैन, गोविंद प्रसाद जैन सहित अन्य जिनशासन सेवकों के हस्ते किया गया। सभी ने सकल जैन समाज सहित नगर वासियों को आमंत्रित कर विधि विधान पूर्वक श्री यंत्रजी, मां जिनवाणी एवं मंगल कलश की स्थापना कर श्री जिनेन्द्र पूजन की ओर शांति जाप में हिस्सा लिया।

**आज निकलेगी श्री जिनेन्द्र शौभायात्राः** आज प्रातः 6.45 बजे श्री पार्श्वनाथ जिनालय में जिनबिंब प्रक्षालन एवं श्री जिनेन्द्र पूजन के पश्चात 8.30 बजे से श्री श्रीजी, मां जिनवाणी एवं आचार्य भगवन्तों के पावन चरणों की भव्य शौभायात्रा शौर्य लॉन के सामने से प्रारंभ होकर नगर का भ्रमण करेगी।

## श्री कृष्ण जन्म एवं बाल लीलाओं का किया बखान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर के वार्ड क्रमांक 18 सुकरी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक पंडित सुशील मिश्रा द्वारा श्री कृष्णा जन्म एवं बाल लीलाओं की कथा का बखान किया उन्होंने बताया कि भगवान श्री कृष्ण के जन्म लेते ही काल कोठरी में प्रकाश पुंज जगमगाता है जहां पर काल कोठरी के सारे पहरी अचेत अवस्था में हो जाते हैं और श्री कृष्ण के माता-पिता की बेड़ियां खुल जाती है। वासुदेव श्री कृष्ण को टोकरी में रखकर अपनाती जमुना पार करा कर गोकुल में नंद बाबा के घर छोड़ते हैं इसके उपरांत गोकुल में भव्य उत्सव मनाया जाता है तत्पश्चात भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का बखान भागवत आचार्य पंडित सुशील मिश्रा द्वारा किया गया।कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6:00 बजे तक किया जा रहा है कथा स्थल वार्ड क्रमांक 18 सुकरी पुराने नाके के पास बड़ी संख्या में भक्ति कथा का श्रवण करने पहुंच रहे हैं कथा आयोजन सोनू यदुवंशी एवं परिवार ने क्षेत्र की जनता से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

सोमवार को मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला पांढुर्णा द्वारा मुख्यमंत्री के नाम पांच सूत्रीय मागों को लेकर ज्ञापन सोपा गया।ज्ञापन में जिलाध्यक्ष राजेंद्र सरवरे, सौसर ब्लॉक अध्यक्ष अशोक वडस्कर, मीडिया प्रभारी प्रदीप गोहत्रे ने बताया किशिक्षको को ग्रीष्म अवकाश में कार्य में लगाया जाता है तो वह आदेश कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित होना चाहिए। एक समय में एक शिक्षक को एक ही कार्य हेतु आदेशित करना चाहिए,ग्रीष्म अवकाश के दोनों की संख्या दिन-ब-दिन कम हो रही है इसे रोका जाए।नियुक्ति दिनांक से अध्यापक संवर्ग को वरिष्ठता प्रदान की जाए। आई.एफ.एम.एस पोर्टल पर प्रथम नियुक्ति दिनांक अंकित होनी चाहिए, संघ के नेताओं ने ज्ञापन में बताया कि उक्त बिंदुओं पर शिक्षकों का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगाइस अवसर पर उपस्थित थे। इस दौरान मध्य प्रदेश शिक्षक एम.बी जुमडे,राजू वानखेडे,श्याम पाटिल,रूमक लाल इवनाती,अमोल बोबडे,सूर्यभान ढेपे,बंडू वाघमारे,रविंद्र अतकरे,भाऊराव धुर्वे राजू रूपकर,आशा वडस्कर,धनराज सलामे, आनंदराव धुर्वे, तुलसीराम ठाकुर, भाऊराव कुमरे,अशोक वडस्कर,जय सिंह धुर्वे,रेखा गजभिए,किशोर बोलघने महेंद्र सिंह खेरडे,गणपति भोयर,प्रतिक्षा पाटील,देवानंद रागासे,धनराज सरोदे, देवेंद्र इटुले, रत्नाकर गोमकाले, निर्मला ढेपे, लक्ष्मीदास बोरकर, फिरोज कादरी, सुरेश ठाकरे,चंद्रप्रकाश रंगारे, प्रवीण गुरुव,देवीलाल बेड़े,आदि थे।

## 8 लोगों का होगा उपचार, पूर्व मंत्री नाना मोहोड़ का प्रयास

**सौंसर।** भाजपा सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान योजना से पांढुर्णा जिले के 8 जरूरमंदों का उपचार संभव हो सकेगा। पूर्व मंत्री नाना मोहोड की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 8 लोगों को 4 लाख 10 हजार रूपयें की सहायता उपलब्ध कराई है। जिसमें नंदा साधुराम उईके मर्राम 50 हजार, मुक्ता सुखदेव निम्बुलकार सौसर 60 हजार, बेबी रायकवार लोधीखेडा 40 हजार, घनष्याम वंजारी तीनखेडा 45 हजार, नारायण पिता कुंडलिक कोपरवाडी कला 40 हजार, दीपक नारायण ईवनाती खुटामा 30 हजार, बालकृष्णा देवचंद वानखेडे निमनी 30 हजार, सुभाष गुलाब गजभिये वार्ड 13 सौसर 40 हजार, ज्योति गुलाब काकोडे गायत्री बस्ती पांढुर्णा 50 हजार, उषा मुरलीधर पाटिल टेमनी साहनी 15 हजार का समावेष है। आर्थिक सहायता मिलने से गंभीर बिमारी से पीडित मरीजो का निजी अस्पताल में इलाज होगा। आर्थिक सहायता मिलने पर परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, सांसद विवेक बंटी साहू, पूर्व मंत्री नाना मोहोड, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड का आभार व्यक्त किया है।



### ट्रक चालक के विरुद्ध पुलिस ने दर्ज किया

## सावरी में दो जवान युवकों को मौत के घाट उतारने वाले



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** स्टेट हाईवे कटंगी से बोनकट्टा तुमसर मार्ग पर ग्राम सावरी में रविवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे रेत से भरे तेज रफ्तार डंपर क्रमांक एमपी 28 जेडएम 6942 की चपेट में आने से तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरिया (सोनेगांव) निवासी दो नौजवान युवक जितेन्द्र पिता यशवंत मांडरे उम्र 28 वर्ष और कमलेश पिता सुरज लाल कोर्राम उम्र 30 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गई थी. पुलिस ने इस पूरे मामले में डंपर चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (1) और मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 की कार्रवाई की है. सड़क हादसे के वक्त डपंर को चालक उमेश पिता सर्वानंद चन्द्रवंशी उम्र 23 वर्ष निवासी अतरवाड़ा जिला छिंदवाड़ा चला रहा था जबकि डंपर मालिक का 17 वर्षीय नाबालिक पुत्र अनुराग पिता मानसिंह रघुवंशी निवासी पातालेश्वर जिला छिंदवाड़ा बतौर परिचालक डंपर में सवार था. डंपर को जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है।

## यात्री बस ने तोड़ा विद्युत पोल, वार्ड क्रमांक 3 की एक कॉलोनी में पूरी रात पसरा रहा अंधेरा



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी शहर के पाथरवाड़ा रोड़ स्थित वार्ड क्रमांक 03 की एक कॉलोनी में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात्रि करीब साढ़े 12 बजे एक यात्री बस ने विद्युत पोल को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया. जिससे कॉलोनी में पूरी रात अंधेरा पसरा रहा और स्थानीय रहवासियों को भीषण गर्मी में रात भर परेशान होना पड़ा. वहीं बिजली गुल होने से सोमवार की सुबह होते हाहाकार मच गया स्थानीय रहवासी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस कर. उनके दैनिक कामकाज प्रभावित हुए. विद्युत पोल के क्षतिग्रस्त होने की सूचना बिजली विभाग को दी गई. जिसके बाद विभाग के कर्मचारियों ने सुधार कार्य किया लेकिन स्थानीय रहवासियों ने यह आरोप लगाया कि विभाग ने नया पोल नहीं लगाया बल्कि पुराने पोल की ही मरम्मत कर दी गई जिससे भविष्य में पुनः कोई हादसा होने का अनुमान है बता दें कि जो पोल क्षतिग्रस्त हुआ है उसी से कॉलोनी के 08 घरों में अस्थाई कनेक्शन प्रदान किए गए है. इन रहवासियों ने नया पोल लगाने की मांग रखी है।

स्थानीय रहवासियों ने बताया कि सड़क की दूसरी तरफ बिजली का खंभा है सड़क पार कर कॉलोनी के 08 घरों में बिजली पहुंचाई गई है. आए दिन कोई ना कोई ऊंचा वाहन तार को तोड़ देता है जिससे कॉलोनी की बिजली गुल हो जाती है. इस समस्या को ध्यान में रखते हुए विद्युत पोल की ऊंचाई बढ़ाने या फिर कॉलोनी में विद्युत पोल का विस्तार कर स्थाई कनेक्शन दिए जाने की मांग लगातार की जा रही है. किंतु अवैध कॉलोनी होने की वजह से कॉलोनी में कनेक्शन देने में विभाग को अड़चने आ रही है. गौरतलब हो कि शहर के अलग-अलग हिस्सों में बीते कुछ वर्षों में कॉलोनियां विकसित की गई है. नगर परिषद से बकायदा एनओसी लेकर भवनों के निर्माण हुए है लेकिन यह कॉलोनियां नगरपरिषद के रिकार्ड में दर्ज नहीं है जिस कारण ऐसी कॉलोनियों में मूलभुत सुविधाएं जैसे बिजली, सड़क, पानी नगर परिषद नहीं पहुंचा रही है. जबकि इन लोगों से बकायदा टैक्स की वसूली की जा रही है. अभी मौजूदा वक्त में अधिकांश अवैध कॉलोनियों में स्थानीय रहवासियों को अस्थाई बिजली कनेक्शन लेने पड़ रहे है।

## तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक गिरा गड्ढे में, वाहन चालक घायल

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी पुलिस थाना क्षेत्र के सरण्डी गाँव में देर रात्रि तेज रफ्तार ट्रक के अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर जाने से ट्रक ड्राइवर बिसेन टेकाम गम्भीर रुप से घायल हो गया, जिसका उपचार शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में चल रहा हैं।

घटना रविवार की रात्रि साढ़े 9 बजे की हैं। प्रत्यक्षदर्शी राजू चौधरी, उज्ज्वल गौतम, सरोज गौतम ने बताया कि ट्रक क्रमांक एम पी 50 एच 0281 कटंगी से वारासिवनी की ओर से तेज रफ्तार से आ रहा था कि तभी रेलवे अंडरपास की गोलाई के पास ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सडक़ से नीचे उतरकर करीब 10 फीट गहरे गड्ढे में गिर गया। ट्रक के गड्ढे में गिरते ही इन लोगों द्वारा तत्काल गड्ढे में उतर कर देखा गया, तो ड्राइवर का पैर स्टेयरिंग में फॅसा हुआ था और ड्राइवर बेसुध पड़ा हुआ था और ट्रक चालू था। जिसे बंद करने के बाद उन्होंने ड्राइवर बिसेन टेकाम को बाहर निकालने का भरकस प्रयास किया, लेकिन ट्रक का परिचालक दरवाजा बंद होने की वजह से परेशानी हो रही थी। इसी बीच पुलिस थाना वारासिवनी को सूचना मिलने के तत्काल बाद पुलिस और 108 के पहॅुच जाने से घायल ड्राइवर को किसी तरह ट्रक का दरवाजा तोडक़र बाहर निकाल कर उसे उपचार के लिए शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में लाया गया, जहाँ उसका उपचार जारी हैं।



बताया जाता हैं कि उक्त ट्रक क्रमांक एम पी 50 एच 0281 वारासिवनी निवासी किसी व्यक्ति का हैं, जो वन विभाग से अनुबंधित हैं। जब उक्त ट्रक के कागजातों की एमपी ट्रांसपोर्ट में जाकर जानकारी ली गई, तो पता चला कि 11 मार्च 2004 में आरटीओ में रजिस्टर्ड इस ट्रक की उम्र 21 साल 2 माह की दर्शाई गई हैं, जिसकी उम्र 11 मई को समाप्त हो चुकी हैं। इसी के साथ वाहन का फिटनेस भी 29 अक्टूबर 2024 को खत्म हो गया हैं और इतना ही नही ट्रक का इंश्योरेंस भी 16 अक्टूबर 2024 तक था याने वाहन का इंश्योरेंस भी समाप्त हो गया हैं। इस दुर्घटनाग्रस्त वाहन में सिर्फ परमिट वैधता 17 अगस्त 2026 एवं टैक्स 30 सितंबर 2034 तक जीवित हैं।

ऐसे में जिला परिवहन अधिकारी पर सवाल खड़े हो रहे हैं कि वे अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने में अक्षम्य लापरवाही बरत रहे हैं और उनकी इस लापरवाही का भुगतमान कहीं ना कहीं पीड़ितों को भुगतना पड़ता हैं और उनको मिलने वाले मुआवजे से भी कहीं ना कहीं वंचित होना पड़ता हैं। आरटीओ को सभी वाहनों की जॉच का समय नहीं?

## सैकड़ों लोगो ने लिया निःशुल्क चिकित्सा का लाभ

हरिभूमि न्यूज उकवा।



पीड़ित मानव सेवा एवं त्याग के लिए प्रसिद्ध संस्थान विचक्षण जैन हास्पिटल बालाघाट एवं प्यूरिटी सर्विसेस नागपुर और आयुष ऐसोसिएशन उकवा द्वारा ग्राम रुपझर में एक दिवसीय विशाल निशुल्क जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया शिविर में डॉ विश्वजित जैसवाल बालाघाट, डॉ प्रभाशंकर मिश्रा, डॉ अक्षय अरोरा, बालाघाट डॉ मिरा अरोरा बालाघाट, आदि शिविर में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे शिविर में हृदय रोग,दंत रोग ,पेट रोग एवं जनरल सर्जरी नेत्र रोग शिशु रोग स्त्री रोग आदि से संबंधित मरीजों का इलाज कर महंगी दवाइयो का निःशुल्क वितरण किया गया,साथ ही मुफ्त में अनेक ग्रामीणों का इसीजी ,शुगर,पीबी,रक्त आदि की जांच की गई,कार्यक्रम का विधिवत रिबन काट का शुभारंभ थाना प्रभारी रूपझर संजय कुमार इक्का एवं सामाजिक कार्यकर्ता तथा सर्व धर्म सेवा समिति उकवा के अध्यक्ष जेम्स बारीक़, नितिन कुमार,हरदेव सिंह हीरा पावर एंड स्टील लिमिटेड ,शरद लूटे, विक्रम चौधरी डायरेक्टर प्यूरिटी नागपुर बालाघाट आदि अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में किया गया ,जहां उपस्थित अथिति एवं डॉक्टरों का ग्राम सरपंच राजेश मर्सकोले सचिव राजेश पटले, गौतम मरकाम उप सरपंच घनश्याम प्रसाद उपाध्याय अविनाश उपाध्याय, कुबेर राणा अनुज बघेल ,मनोज गौतम,जमना बिसेन आदि द्वारा स्वागत किया गया।शिविर प्रारंभ होने के पूर्व ही भारी संख्या में मरीज शिविर में पहुंचने लगे शिविर में सहयोग एवं मार्गदर्शन हेतु विक्रम चौधरी डॉ.हेमंत बिसेन, डॉ प्रभात घुले,डॉक्टर केके गुप्ता,डॉक्टर यशविन बांपरे,डॉक्टर अमित ठाकरे,आदि के साथ साथ सामाजिक कार्यकर्ता संदीप गजभिये, कृष्णा गौतम, विमल भावे,शैलेश गौतम, पीहू हरिद्वार, आदि द्वारा विशेष सहयोग रहा। शिविर में लगभग 500 मरीज महिला पुरुष का उपचार कर उन्हें निशुल्क दवाइयां प्रदान की गई।

## बिसोनी के बड़ा तालाब की सफाई व गहरीकरण की उपसरपंच ने एसडीएम एवं एरीकेशन एसडीओ से मांगी

हरिभूमि न्यूज लांजी।



शासन द्वारा 30 मार्च से 30 जून तक क्रियांवित जल गंगा संवर्धन अभियान में विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन जारी है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी जल संरचनाओ जैसे नदी, तालाब, कुए, घाट, बावड़ी एवं अन्य जल स्त्रोतों को अविरल बनाए रखते हुए इनका संरक्षण एवं संवर्धन किया जाना है। जिससे भविष्य में जल आपूर्ति की समस्या उत्पन्न ना हो। जिसके चलते जिले की जनपद पंचायत लांजी की ग्राम पंचायत बिसोनी के उपसरपंच पवन कश्यप द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बिसोनी के बड़ा तालाब की सफाई व गहरीकरण करने हेतु लांजी एसडीएम कमलसिंह सिंहसार से अनुमति मांगी है। उपसरपंच पवन कश्यप ने बताया कि सरकार द्वारा चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान का मुख्य उद्धेश्य यह है कि जल संशाधनों को सुरक्षित रखने और स्वच्छ जल की उपलब्धता सुरक्षित करना प्रथम कर्तव्य है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बिसोनी के बड़ा तालाब जो कि सिंचाई विभाग के अन्तर्गत आता है, जो कि कई वर्षो पूराना तालाब है और यह तालाब कि वर्षो से सफाई व गहरीकरण नहीं किया गया है जिसे वर्तमान में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जन अभियान परिषद से गैर व्यवसायिक हेतु तालाब की मिट्टी एवं गाद जेसीबी मशीन से निकालने तथा किसानों को खेती-बाड़ी में तालाब की मिट्टी खोदाई कर ले जाने की अनुमति दी जाये। उन्होने बताया कि बड़ा तालाब की सफाई होने से ग्रामीणों को काफी सहूलियत मिलेगी क्योंकि बड़ा तालाब में सभी धार्मिक कार्य किये जाते है। वहीं इस संबंध में ग्राम पंचायत बिसानी द्वारा भी जल संसाधन विभाग की एसडीओ रितुल नखाते को प्रोसिडिंग और ग्राम पंचायत का पत्र देकर तालाब के गहरीकरण व सफाई करवाने की मांग की गई है।

## सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री पूजा, 16 श्रृंगार कर मांगा अखंड सौभाग्य का वरदान

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लाँजी में सोमवार को वट सावित्री व्रत के अवसर पर महिलाओं ने बरगद के पेड़ की पूजा-अर्चना की। यह व्रत पति की दीर्घायु के लिए किया जाता है। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा में भाग लिया। हिंदू धर्म में बरगद का वृक्ष पूजनीय माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार इस वृक्ष में सभी देवी-देवताओं का वास होता है। इस वृक्ष की पूजा से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है।26 मई 2025, सोमवार को ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को वट सावित्री व्रत मनाया गया। यह व्रत सुहागिन स्त्रियां पति की लंबी आयु के लिए करती हैं। देशभर में सुहागिन स्त्रियों ने सोलह श्रृंगार कर पति की लंबी आयु की कामना के साथ वट वृक्ष की पूजा की। मान्यता है कि इस व्रत को करने से अखंड सौभाग्य के साथ सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। वट सावित्री व्रत में कुछ स्थानों पर वट पूजा के बाद सुहागिन महिलाएं एक-दूसरे को पूजन में प्रयोग होने वाले पंखे से खोइछा भी देती हैं व सिंदूर का दान करती हैं। इसके बाद महिलाएं अपने बड़ों का आशीर्वाद लेती हैं। वट सावित्री व्रत सुख-समृद्धि व अखंड सौभाग्य का प्रतीक है।हिंदू धर्म में प्रेम, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक वट सावित्री व्रत का पर्व बहुत पवित्र माना गया है। इस त्योहार को महिलाओं ने पूरी श्रद्धा व सच्ची आस्था के साथ वट सावित्री की पूजा की। पूजन का अभिजित मुहूर्त सुबह 11 बजकर 20 मिनट से दोपहर 12 बजकर 14 मिनट तक था।सुहागिन महिलाओं ने पहले बरगद के पेड़ की विधिवत पूजा की फिर वट वृक्ष में कच्चे सूत को लपेटकर परिक्रमा की।



## खबर संक्षेप

### एएनएम के मेरिट सूची में शामिल अभ्यर्थी दस्तावेज परीक्षण के लिए उपस्थिति दें

सिवनी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा याचिका कमांक 5747/2023 मे पारित आदेश दिनाँक 05.11.2024 एवं 21.11. 2024 के परिपालन में समस्त अभ्यार्थी जिन्होने कर्मचारी चयन मण्डल भोपाल द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित समूह -5 के अन्तर्गत ए० एन० एम० (महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता) को सीधी भर्ती हेतु आयोजित संयुक्त परीक्षा उत्तीर्ण की हैं एवं नाम मेरिड में हैं नियुक्ति संबंधी नियुमानसार निर्णय लिये जाने हेतु दस्तावेजों के परिक्षण के संबंध में दिनॉक 25.11.2024 से दिनॉक 29.11.2024 के बीच कार्यालयीन समय में संबंधित जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के समक्ष समस्त दस्तावेजो के साथ उपस्थित हो सकते है।

# मोबाइल में व्यस्त रहना पड़ा महंगा, दो शिक्षक निलंबित

**ग्राम पंचायत परतापुर के उन्नयन प्राथमिक शाला दमझिर फैजपुर के दो शिक्षकों को मोबाइल में व्यस्त रहना महंगा पड़ गया। जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त मेरावी ने दोनों को निलंबित कर दिया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

ज्ञात हो कि ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि दो शिक्षक मनमानी कर रहे है। वे स्कूल मनमर्जी से आते हैं और अधिकांश समय मोबाइल पर व्यस्त ए रहते हैं, जबकि स्कूल में मात्र दस छात्र हैं। आरोप था कि शिक्षक घर से चावल बालेकर आते हैं और छात्रों से घर से र सब्जी लेकर आने को कहते हैं। इस की तरह घर की सब्जी से मध्यान्ह भोजन । का संचालन किया जा रहा है।

इस मामले को लेकर अभिभावकों ने बीआरसी, संकुल केंद्र प्रभारी व जनशिक्षक से शिकायत की थी और बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे थे। मंगलवार को भी बच्चे नहीं आए। हालांकि लापरवाह प्राथमिक शिक्षक अमर सिंह उइके एवं मुनेश मेश्राम, विजय कुमार मेश्राम, रमेश मर्सकोले, छत्रपति मर्सकोले आदि का कहना है कि शिक्षकों की मनमानी के कारण छात्रों को परेशान होना पड़ा।

## 16 वर्षीय बच्ची की तलाश जारी

जिले के बरघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलघाट के बेरबन निवासी ने बरघाट थाना में 05/09/2024 रात 10 बजे भोजन के पश्चात सभी घर पर सो रहे थे, रात्रि लगभग 3:50 में मेरी नींद खुली तो देखा कि मेरी 16 वर्षीय बच्ची नहीं है। उसकी चुनरी चप्पल मोबाइल पड़ा हुआ था। देख कर ऐसा लगा जैसे किसी ने जबरन ले गया है मेरे द्वारा बरघाट थाना पहुंच कर 06/09/2024 रिपोर्ट दर्ज कराई की मेरी नाबालिक बेटी को जावेद खान पिता यासीन खान ने मेरी बेटी का अपहरण किया है। 8109299820 मो, नम्बर से मेरी बेटी ने मुझे वीडियो काल किया गया था मेरी बेटी बहुत डरी हुई थी। रिपोर्ट दर्ज कराए बहुत समय बीत गया पर कोई जानकारी नहीं मिली। फिर मेरे द्वारा बरघाट थाना 25/11/2024 को नामजद आवेदन दिया की मेरी बेटी के साथ कोई अनहोनी घटना न कर दी गई हो।

# सीएम हेल्पलाइन में झूठी शिकायत करने वालों पर कब होगी कार्रवाई

## घंसौर पुलिस ने दिया जल्द कार्यवाही का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घंसौर।

सिवनी जिला के विकास खंड घंसौर का मामला मध्यप्रदेश में गरीब शोषित एवं वंचितों को उनके अधिकार और काम करवाने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 का कुछ लोग जमकर फायदा उठा रहे हैं यहां वहां कार्यालयों की झूठी शिकायत करके दबाव बनाना और फिर उसकी आड में पैसे ऐंठना आजकल कुछ युवाओं के लिए फैशन सा बन गया है। पूरा मामला घंसौर थाने के ग्राम कुदवारी का है जहां के एक युवक राजेंद्र मर्रापा को सीएम हेल्पलाइन में झूठी शिकायत करना भारी पड़ गया और उसके शिकायत घंसौर थाने में दर्ज हो गई। प्रार्थी आंगनवाड़ी सहायिका ज्योति ने घंसौर थाने में लिखित शिकायत देकर बताया कि राजेंद्र मर्रापा पिता शहद मर्रापा द्वारा लगातार सीएम हेल्पलाइन में झूठी शिकायत दर्ज कराकर परेशान कर रहा था आंगनवाड़ी सहायिका ने आगे बताया कि आते जाते में राजेंद्र मर्रापा द्वारा व्यंग करके परेशान करता था जिसके बाद आंगनवाड़ी सहायिका द्वारा महिला एवं बाल विकास कार्यालय में इसकी सूचना दी गई जिसके बाद विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर घंसौर पुलिस को लिखित शिकायत की गई जिस पर घंसौर पुलिस द्वारा आंगनवाड़ी सहायिका को कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है इस शिकायत के बाद जहां एक ओर झूठी शिकायत करने वाले लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

# संगम मेले में भव्य दीपदान और गंगा महाआरती का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के उगली थाना अंतर्गत पतित पावन पुंण्य शलीला मां बैन गंगा के पावन तट पर बैनगंगा और हिर्री नदी के पावन तट पर हिंदु उत्सव समीती पांडिया छपारा के तत्वाधान में संगीतमय भव्य महा आरती मां गंगा की तत्पश्चात दीपदान का कार्यक्रम संपन्न हुआ. चहुं ओर जंगल की सुरम्य वादियों के मध्य संगम तट पर प्रतिवर्ष कार्तिक माष की पुर्णिमा के बाद मेला आयोजित किया जाता है, जिसका संचालन जनपद पंचायत केवलारी के द्वारा किया जाता है. मेला प्रभारी राजदीप राहंगडले से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रतिवर्ष इस पावन धार्मिक स्थल पर सिवनी, बालाघाट और मंडला के और आस पास के निकट राज्यों से व्यापारी व्यापार करने आते हैं, इस वर्ष मेला ठेकदार के रुप में श्रीमति सीता नागेश्वर, राजदीप राहंगडाले, उमानाथ कश्यप, सुर्या टेंट हाउस उगली (सायकल स्टेंड)शिवराज सूर्यवंशी, देवदाष नागेश्वर और शैलेन्द्र राहंगडाले और सहयोगियों के साथ संचालन किया जा रहा है. दीपदान और गंगा महाआरती में जनपद अध्यक्ष रणजीत ठाकुर, उपाध्यक्ष श्रीमति मोतन/पूनाराम चौधरी, ऊगली मंडल अध्यक्ष संजय उइके सपत्निक, हिंदु उत्सव समीती के संयोजक ब्रजमोहन टेम्भ्रे, विजय चौधरी,आमिश देशमुख,सचिन ठाकरे, तोमेश्वर जी, दिनेश मोतीचूर, सुरेश राणा, छतरलाल चौधरी जी, प्रहलाद चौधरी जी,अनिल ऐडे, विमल बाहेंश्वर, आनंद डोंगरें जनपद सदस्य अंशुल जैन, तरुण सोनवाने,भुपेंद्र चंद्रेश्वर, बसंत देशमुख थाना प्रभारी उगली एस गोदेवार व स्टाफ और मेले के व्यापारियों ने गंगा महाआरती में भाग लिया. इस बार संगम मेलें में गत दिवस दिन रविवार के कारण जबरदस्त माहौल देखने को मिला, मेला प्रबंधन समीती के द्वारा मेला परिषर पर पार्किंग से लेकर अंदर तक भीड भाड को कंट्रोल करने में पुलिस प्रसाषन का सहयोग रहा. शांति पूर्ण तरीके से विगत वर्ष और इस बार भी सफल संचालन किया जा रहा है, इस बार संगम मेले की तिथी जनपद पंचायत केवलारी द्वारा 19-27 नवंबर तक निर्धारित की गई है. और आने वाले दिनों में भी मेला जबरदस्त रहेगा. मेले में किसी भी प्रकार के अवैधानिक खेल तमाशे पूर्णतः प्रतिबंधित है, क्योंकि यह सँगम मेला पवित्र धार्मिक आस्था का केंद्र बिंदु है।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने किसान चौपाल में किया सहभागिता

# सिवनी शाखा केनाल मे 3 दिसंबर तक पहुंच जायेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



मंगलवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा किसान बंधुओं को हो रही समस्याओं को लेकर लगायी गयी किसान चौपाल मे सहभागिता कर अधिकारियों के समक्ष समस्याओं को रख निराकरण कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये। सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत महत्वाकांक्षी पेंच व्यपवर्तन नहर के अधूरे कार्यों और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध न कराने से खेती-किसानी मे किसान बंधुओं को हो रही समस्याओं को लेकर एरीगेशन कालोनी सिवनी मे लगायी गयी किसान चौपाल मे विधायक दिनेश राय मुनमुन सहभागिता कर उपस्थित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण किये जाने निर्देश दिए गये।

इस दौरान लगायी गयी चौपाल मे उपस्थित किसान बंधुओं द्वारा सिवनी शाखा केनाल समय पर प्रारंभ नही किया जाना, संपूर्ण बखारी शाखा केनाल मे पानी न पहुंचना, कलारबांकी क्षेत्र नहर का अधूरा कार्य व सिंचाई हेतु अभी तक पानी नही छोडा जाना, माईनर नहरों के अधूरे कार्यों को पूर्ण किये जाने की मांग प्रमुखता से रखी गयी। इसके साथ ही माईक्रो लिफ्ट एरीगेशन से सिंचाई के संबंध मे बात रखी गयी। किसान चौपाल मे विधायक दिनेश राय मुनमुन ने किसानो एवं विभागीय अधिकारियों के बीच उक्त समस्याओं के निराकरण मे मध्यस्थता करते हुए समस्याओं के समाधान किये जाने हेतु निर्देश दिये गये। जिस पर अधिकारियों द्वारा सिवनी शाखा केनाल मे 03 दिसंबर 2024 तक पानी दिये जाने, डी 4 कलारबांकी, डी 4 बजरवाडा , डी 4 अलोनिया परसिया माईनर मे 15 दिसंबर 2024 तक पानी दिये जाने के साथ ही विभागीय अधिकारी एवं क्षेत्रीय किसान बंधु संयुक्त रुप से 27, 28 नवंबर को उक्त नहरों का निरीक्षण एवं अधूरे कार्यों को चिन्हित कर अवगत कराने पर सहमति जताई गयी। इसके साथ ही अधिकारियों द्वारा बताया गया कि माईक्रो लिफ्ट एरीगेशन के लिए केन्द्र सरकार से स्वीकृति प्राप्त होने व क्षेत्र मे सर्वे किये जाने की बात कह जहां-जहां नहर के माध्यम से सिंचाई नही हो पा रही वहां-वहां लिफ्ट से सिंचाई की जावेगी। इसके अलावा किसानों की शिकायतों पर विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी द्वारा विघुत विभाग के अधिकारियों को जले हुए ट्रांसफार्मर बदले जाने, बोल्टेज समस्या का निदान करने, समय पर सिंचाई हेतु पर्याप्त बिजली प्रदान करने के निर्देश दिये गये। इसके पश्चात विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने सभी के साथ भोजन गृहण किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या मे किसान बंधुओं की उपस्थिति रही।

# उखड़कर टूटने लगे रेलवे स्टेशन के पेवर ब्लाक, यात्री परेशान

## अब तक प्रारंभ नहीं हो पाए कोच गाइडेंस सिस्टम



▶▶ स्टेशन के प्लेट फार्म पर टूटे पड़े पेवर ब्लाक।

**नगर के रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर लगाए गए पेवर ब्लाक उखड़कर टूटने लगे है। पूर्व में भी रेलवे स्टेशन के उदघाटन के पहले ही प्लेटफार्म पर लगाए गए पेवर ब्लाक धसकर बर्बाद हो गए थे। इसके बाद रेलवे के अधिकारियों ने ठेकेदार को फटकार लगाकर नए सिरे से पेवर ब्लाक लगवाए थे। दोबारा लगाए गए पेवर भी अब जगह-जगह से उखड़ रहे है। वही की जगह ये पेवर ब्लाक धंस गए है। इससे प्लेट फार्म असमतल हो गया है। ऐसे में रेल में चढ़ने वाले स्थान पर भी पेवर ब्लाक उखड़कर टूट गए है। इससे यात्रियों को रेल में चढ़ने में दिक्कतें हो रही है। साथ ही हादसे की संभावना भी बनी हुई है। लोगों का कहना है कि प्लेटफार्म सहित रेलवे स्टेशन के काम को ज्यादा साल नहीं हुए।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कई बार मरम्मत भी हो चुकी, लेकिन गुणवत्ता की अनदेखी के चलते प्लेटफार्म फिर क्षतिग्रस्त हो जाता है। प्लेटफार्म क्रमांक एक पर तो पेवर ब्लाक टूटने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में रेलवे स्टेशन पर विभिन्न कार्य किए जा रहे है। यात्रियों की सुविधाओं को बढ़ाने के हो रहे इन कार्यों की गति भी धीमी चल रही है। ऐसे में समय पर काम पूरा होना मुश्किल लग रहा है।
अब तक नहीं बन पाया कंट्रोल रूम
रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर लगाए गए कोच गाइडेंस सिस्टम लगाने के साथ, वायरिंग का काम पूव में ही पूरा कर लिया गया है।इन्हें आपरेट करने के लिए एक कंट्रोल रूम अब तक नहीं बन पाया है।रेलवे के अधिकारियों के अनुसार जब तक कंटोल रूम नहीं बनेगा तब तक कोच गाइडेंस सिस्टम चालू नहीं हो पाएंगे।वर्तमान में ट्रेन सेवा शुरू होने के बाद से अब तक प्लेट फार्म पर कोच कहां आकर रुकेगा इसकी जानकारी देने के लिए कोच गाइडेंस सिस्टम नहीं होने से आपाधापी की स्थिति बन रही है।वहीं यात्री किसी तरह जानकारी मिलने पर अपने कोच तक दौड़ कर पहुंच रहे हैं।ऐसे में उन्हें टूटे पेवर ब्लाक से होकर जाना पड़ रहा है जो जोखिम भरा है।इधर प्रधान मंत्री गति शक्ति योजना से प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी के यात्री प्रतिक्षालय निर्माण का काम भी अब तक अधूरा है।रेलवे के अधिकारियों के अनुसार आगामी दिनों में द्वितीय श्रेणी का प्रतीक्षालय प्रारंभ हो सकता है।वहीं प्रथम श्रेणी के लिए यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

### स्टेशन पर चल रहे यह काम

रेलवे स्टेशन के पुराने भवन के कायाकल्प के साथ नए भवन का निर्माण कार्य भी जारी है।यह भी धीमा चल रहा है।रेलवे स्टेशन पर चोपहिया, तीन पहिया और बाइक आदि की पार्किंग स्थल बनाने का काम भी पूरा नहीं हो पाया है।रेलवे के अधिकारियों ने बताया है कि अमृत भारत योजना में सिवनी के रेलवे स्टेशन को सम्मिलित किया गया है।इसके तहत प्रधानमंत्री गाति शक्ति योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर फूड कोर्ट, गार्डन के साथ अन्य कार्य कराए जा रहे हैं।

### अब तक नहीं बन पाया कंट्रोल रूम

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर लगाए गए कोच गाइडेंस सिस्टम लगाने के साथ, वायरिंग का काम पूव में ही पूरा कर लिया गया है।इन्हें आपरेट करने के लिए एक कंट्रोल रूम अब तक नहीं बन पाया है।रेलवे के अधिकारियों के अनुसार जब तक कंटोल रूम नहीं बनेगा तब तक कोच गाइडेंस सिस्टम चालू नहीं हो पाएंगे।वर्तमान में ट्रेन सेवा शुरू होने के बाद से अब तक प्लेट फार्म पर कोच कहां आकर रुकेगा इसकी जानकारी देने के लिए कोच गाइडेंस सिस्टम नहीं होने से आपाधापी की स्थिति बन रही है।वहीं यात्री किसी तरह जानकारी मिलने पर अपने कोच तक दौड़ कर पहुंच रहे हैं।ऐसे में उन्हें टूटे पेवर ब्लाक से होकर जाना पड़ रहा है जो जोखिम भरा है।इधर प्रधान मंत्री गति शक्ति योजना से प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी के यात्री प्रतिक्षालय निर्माण का काम भी अब तक अधूरा है।रेलवे के अधिकारियों के अनुसार आगामी दिनों में द्वितीय श्रेणी का प्रतीक्षालय प्रारंभ हो सकता है।वहीं प्रथम श्रेणी के लिए यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।

# शासकीय विधि महाविद्यालय सिवनी मे संविधान दिवस मनाया गया



सिवनी-शासकीय विधि महाविद्यालय सिवनी में संविधान दिवस मनाया गया प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार चौरासे ने कहा कि स्वतंत्रता मिलने से पहले ही एक चुनौती थी कि देश को आगे कैसे चलाया जाए देश की प्रगति के लिए हर नागरिकों को बेहतर ढंग से जीने के लिए और अनेकता को एकता के सूत्र में बाधने के लिए संविधान की रचना करने के लिए आज के दिन नीव रखी गयी। विभिन्न देशों के संविधान का अध्ययन करने के पश्चात डॉ. भीमराव अम्बेडर ने भारत के संविधान का निर्माण किया था हमारा संविधान देश की शान, हमारी पहचान। विविधताओं को एकता के सूत्र में पिरोया गया था। इसलिए यह हमारा संविधान सबसे महान है। संविधान दिवस के अवसर पर भाषण, पेटिंग, पोस्टर, निबंध, नुक्कड नाटक, मानव श्रृंखला एवं रैली का आयोजन किया गया जिसमें बढ़कर-चढकर पूजा बधेल, निकिता उइके, राखी उइके, राकेश मस्तकार, व्रजमोहन धुर्वे, अर्चना देशमुख, जयपाल बंदेवार, प्रेमलता, हेमलता, नेहा उइके, रेणुका कटारे, तालिका चौरसिया, मो. तालिब, साक्षी भलावी, मोसीन रजा ने भाग लिया। महाविद्यालयीन कार्यक्रम में श्रीमति अर्चना पाठक, रामेश्वर प्रसाद शिववेदी, आदित्य गर्ग, शंकर शम्भू सोनी, राकेश बरदिया, हिमांशु श्रीवास्तव, किशोर आत्मपूज्य, कमलेश ठाकुर, विनोद डहेरिया, कपिल डागोरिया एवं समस्त कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन श्री सुरेन्द्र सिंह अलावा ने किया।

# जिला आपूर्ति अधिकारी एवं जिला प्रबंधक नान को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रभारी कलेक्टर श्री नवजीवन विजय की अध्यक्षता में सोमवार 25 नवंबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप एवं अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित तथा खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे। बैठक में प्रभारी कलेक्टर श्री नवजीवन विजय ने सीएम हेल्प लाईन प्रकरणों की विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी विभाग प्रमुखों को चार दिवस के भीतर 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों में से 10 प्रतिशत शिकायतों को संतुष्टि से बंद कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उक्त समय-सीमा में जिलेवार रैंकिंग के लिए चिन्हांकित 05 प्रतिशत शिकायतों को संतुष्टि से बंद कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रभारी कलेक्टर श्री नवजीवन विजय ने मुख्यमंत्री कार्यालय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के पत्रों में अपेक्षित कार्यवाही की भी विभागवार समीक्षा कर सभी विभाग प्रमुखों को शतप्रतिशत प्रकरणों का निराकरण शुक्रवार तक करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही विभिन्न आयोग, न्यायालयीन प्रकरणों, लोक सेवा गारंटी की अधिसूचित सेवाओं आवेदनों, समय सीमा में दर्ज प्रकरणों, जनसुनवाई के प्रकरणों के निराकरण के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। प्रभारी कलेक्टर श्री नवजीवन विजय ने राजस्व महाभियान 3.0 के क्रियान्वयन की भी अनुभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना, पीएम किसान सम्मान निधि के ई-केवायसी के लंबित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देकर निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की विभिन्न योजनाओं के खाद्यान्न का आवंटन एवं वितरण में कमी पाए जाने को लेकर जिला आपूर्ति अधिकारी तथा जिला प्रबंधक नान को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं साथ ही कम प्रगति वाले केवलारी, धनौरा एवं बरघाट के खाद्य निरीक्षक को अवैतनिक करने के लिए निर्देशित किया है। प्रभारी कलेक्टर श्री नवजीवन विजय ने सामाजिक न्याय विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों के ई-केवायसी के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर सभी नगरीय निकायों एवं जनपद के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे हितग्राही जिनके फिंगर प्रिंट न आने के कारण ई-केवायसी न हो पाने की स्थिति में आईरिस स्केन से केवायसी पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। प्रभारी कलेक्टर श्री नवजीवन विजय ने जिले में उपलब्ध तथा वितरित उर्वरकों की भी अनुभागवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को किसानों की आवश्यकता अनुसार उर्वरकों की सतत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को भी अपने क्षेत्र की उर्वरक वितरण केन्द्रों का निरीक्षण कर खाद-बीज की उपलब्धता का भौतिक सत्यापन करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को ग्रामवार भ्रमण कर किसानों को पारंपरिक उर्वरकों के विकल्पों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए हैं साथ ही नरवाई न जलाने के लिए भी किसानों को जागरूक करने के लिए निर्देशित किया है। प्रभारी कलेक्टर श्री नवजीवन विजय ने 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के हितग्राहियों तथा पंजीकृत श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रगति की भी विस्तृत शेष बचे हितग्राहियों के भी त्वरित रूप से आयुष्मान

# खेत में खडे होकर एप के माध्यम से फसलों की समस्याओं का मिलेगा तुरंत समाधान

**सिवनी।** कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी के दर्पण सभागार में केंद्रीय एकीकृतनासी जीव प्रबंधन विभाग, भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और आई.सी.ए.आर. की माध्यम से एक ऐप बनाया गया है। जिसे राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (**NPSS**) इस ऐप में कीट निगरानी प्रणाली से पहचान के लिए यदि हम ऐप पर जाते हैं तो त्वरित ही हमें कीट की पहचान एवं प्रबंधन की विस्तार से जानकारी मोबाइल में तुरंत प्राप्त हो जाती है।

इस हेतु कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ शेखर सिंह बघेल के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, इस दौरान वैज्ञानिक डॉ एन के सिंह, श्रीमती प्रिया चैकसे ने प्रशिक्षण प्रदान किया, एनपीएसएस (नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम) जिसे राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली कहा जाता है, इसका ऐप किसानों को अपने मोबाइल पर प्ले स्टोर के माध्यम से डाउनलोड करना होगा। यह बडा ही काम का ऐप है, जो हमारे किसानों की फसलों में कीटों की समस्या का समाधान तुरंत करेगा। डॉ शेखर सिंह बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि इसे डाउनलोड करने के बाद किसानों के दो ऑप्शन आते हैं हिंदी और इंग्लिश अभी यह दो भाषाओं में ही तैयार किया गया है। इसमें 61 फसलों से संबंधित कीट, व्याधि कि हम पहचान कर सकते हैं डाउनलोड करने के बाद तीन चीज आती है एक तो कीट निगरानी, दूसरा कीट का सर्विलांस एवं तीसरा सलाह, इस प्रकार किसान भाई कीटों की अपनी फसलों में होने वाली समस्याओं का प्रक्षेत्र पर ही समाधान प्राप्त कर सकते हैं एवं फसलों को होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है। कृषि विज्ञान केंद्र की कार्यक्रम सहायक कंप्यूटर एक्सपर्ट श्रीमती प्रिया चैकसे ने ऐप से संबंधित संपूर्ण जानकारी किसानों को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रदान की आपने बताया कि मोबाइल के प्ले स्टोर में जाकर एनपीएसएस ऐप डाउनलोड करने बाद किसानों के लिए इसमें कीट निगरानी हेतु कीट पहचान के लिए अगर आप ऐप पर जाते हैं तो ऐप पर फोटो का ऑप्शन आता है। कीट पहचान के लिए जैसे ही पहचान में क्लिक करते हैं तो वहां तीन ऑप्शन आते हैं कैमरा में आपको फोटो है या कैमरा से आप खींचना चाहते हैं या रद्द करें तो अगर आप फील्ड पर हैं तो तुरंत खींच सकते हैं इसके बाद वह तुरंत यह बताता है कि इसमें कीडा क्या है फिर उसमें कीडे के सिस्टम लक्षण भी विस्तार से बताता है। लक्षण बताने की साथ ही साथ कीट से बचाव हेतु इसका प्रबंधन कैसे किया जाए की जानकारी प्रदान की जाती है। एक फोटो से समस्या का समाधान। हमारे किसान भाइयों को प्रक्षेत्र पर लगने वाले विभिन्न प्रकार कीटों का पता नहीं होता है कौन सा कीडा है क्या बीमारी है या मित्र कीट है। पहले वह जैसे ही फोटो खींचता है तो उसे तुरंत पता चलता है कि यह कीडा है, बीमारी है, या मित्र कीट है।

## 38113.277 मैट्रिक टन उर्वरक का जिले के किसानों को हुआ सुगम वितरण
## जिले के सभी क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध उर्वरक के भंडार

**सिवनी।** रबी मौसम को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सभी क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों का भंडारण एवं सुगम वितरण की व्यवस्था की गई है। जिले में समितियों, मार्केटिंग सोसायटी डबल लॉक, एमपी एग्रो के अतिरिक्त निजी विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को सुविधाजनक रूप से आवश्यकता अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार 1 अक्टूबर से 25 नवंबर 24 की स्थिति में जिले में कुल 20608.195 मेट्रिक टन यूरिया, 6671.952 मेट्रिक टन डीएपी, 7284.73 मेट्रिक टन एनपीके, 724.6 मेट्रिक टन एमओपी, 2823.8 मेट्रिक टन एसएसपी का किसानों को सुविधाजनक रूप से वितरित किया गया है। आज दिनांक को 30352.03 मेट्रिक टन उर्वरक का भंडारण उपलब्ध 25 नवम्बर 24 की स्थिति में जिले में 12527.58 मेट्रिक टन यूरिया, 4286.91 मेट्रिक टन डीएपी, 3612.14 मेट्रिक टन एनपीके, 1562.95 मेट्रिक टन एमओपी, 8362.45 मेट्रिक टन एसएसपी का भण्डारण उपलब्ध है। जिले के किसी भी क्षेत्र में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की कोई भी समस्या नहीं है।

# बच्चा वार्ड में आपदा प्रबंधन आग से होने वाली दुर्घटना से बचाव एवं रोकथाम हेतु फायर फाईटिंग सिस्ट्म की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वागस्थ्ेल अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर एवं सिविल सर्जन डॉ. वी.के नावकर के मार्गदर्शन में एसएनसीयू, एनआरसी, पीआईसीयू, चाइल्ड वार्ड में अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन हेतु मॉकड्रिल किया गया झांसी मेडिकल कॉलेज मे हुई अग्नि दुर्घटना को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 21.11.2025 में जिला चिकित्सालय सिवनी के महत्वपूर्ण विभाग एस एन सी यू , पी आई सी यू,एन आर सी , बच्चा वार्ड मे आपदा प्रबंधन एवम आग से होने वाली दुर्घटना से बचाव और रोकथाम हेतु फायर फाइटिंग सिस्टम की क्रियाशीलता ,निकास की व्यापक योजना और मॉक ड्रिल संपन्न किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान आरएमओ डॉक्टर विनोद दहायत , एसएनसीयू नोडल डॉ पारस पटेरिया , डॉ हर्षलता परते , एनआरसी नोडल डॉ नरेंद्र नाथ नामदेव , मेट्रन श्रीमति बी नायक एवम समस्त संबंधित विभाग के नर्सिंग ऑफिसर्स , हाउस कीपिंग स्टॉफ , सिक्योरिटी गार्ड की उपस्थिति रही। मॉक ड्रिल एवम आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग डॉ ललित मर्शकोले मेडिकल ऑफिसर, श्री महेंद्र डहेरिया अस्पताल प्रशासक , श्रीमति साधना बघेल नर्सिंग ऑफिसर क्वॉलिटी टीम, कुमारी दुर्गेश गाते, ऑक्सीजन टेक्नींशियन संदीप पंचेश्वबर एवं प्रकाश बोरीकर द्वारा दिया गया।

## दो सगे भाई मोहित और दीपक श्रीवास ने लोगों को लगाया लाखों का चूना

# पुलिस बिक गई है... प्रशासन सोया हुआ है...!

# जमीन खरीदी-बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

आप सभी ने भारत के कुख्यात ठगों में से एक 'नटवरलाल' का नाम जरूर सुना होगा. जो इतना शातिर था कि ताजमहल, लाल किला, राष्ट्रपति भवन और संसद भवन तक को बेचने का कई बार दावा कर चुका था. कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 11 निवासी दो सगे भाई मोहित और दीपक श्रीवास ऐसे ही कुछ तथाकथित कुख्यात ठगों में शामिल है. जिन्होंने अपनी ठगी की कला और चतुराई से एक ही जमीन को अलग-अलग लोगों को बेचने से लेकर प्लाटिंग के काराबोर में पार्टनर बनाने के नाम पर लोगों से कई लाख रुपए ठगने का काम किया है. इन दोनों भाइयों ने जमीन की खरीदी-बिक्री, पार्टनरी के नाम पर ना सिर्फ शहर के लोगों को ठगा बल्कि गांव की भोली-भाली जनता और कई सरकारी कर्मचारियों को भी ठगने का काम किया है. सरकारी कर्मचारी लोक-लज्जा की वजह से सामने आकर शिकायत नहीं कर रहे है जबकि भोली-भाली जनता की शिकायत पर पुलिस शांत बैठी है. रविवार को इन दो भाईयों से ठगी का शिकार हुए करीब आधा दर्जन पीड़ितों ने कटंगी थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज करवाई और पुलिस से जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने और पैसा वापस दिलाने की मांग रखी. इनमें कुछ शिकायतकर्ता ऐसे भी शामिल हुए जिन्होंने पहले भी थाने में शिकायती आवेदन दिया था लेकिन उनके आवेदनों पर आज तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की. इन दो भाईयों की ठगी की दर्जनों शिकायतें थाने में है. किंतु पुलिस कार्रवाई नहीं



कर रही है तो सवाल खड़ा हो रहा कि क्या पुलिस इन दो भाईयों के हाथों बिक गई या फिर प्रशासन गहरी नींद में सोया हुआ है।

### प्लाटिंग और पार्टनरी के नाम पर ठगी

मोहित और दीपक श्रीवास इन दोनों ही भाईयों ने कई लोगों के पक्के घर और प्लाट के सपने को चकनाचूर किया है. आयशा अंजुम नाम की पीड़ति महिला बताती है पूरे परिवार की दिन-रात की मेहनत की कमाई से एक प्लांट और उस पर पक्का मकान बनाने का सपना देखा था और किस्त में इन भाईयों से प्लांट खरीदा. समय-समय पर दोनों भाईयों ने पैसे लिए लेकिन जब प्लाट की रजिस्ट्री कराने की बारी आई तो दोनों भाई मुकर गए. आयशा अंजुम दो बार पुलिस में शिकायत कर चुकी है. वह इन दो भाई मोहित और दीपक से साढ़े 3 लाख रुपए वापस करने की मांग कर रही है तो दोनों भाई पीड़िता को ही जान से मारने की धमकी दे रहे है. पीड़िता ने गत दिनों थाने में इसकी शिकायत की।

इसी तरह कोमल प्रसाद बावने नाम का पीड़ति बताता है कि प्लाट खरीदने के नाम पर उससे 1 लाख 10 हजार रुपए की राशि की ठगी की गई. एक अन्य पीड़ति अरूण कुमार देशमुख जो पहले भी थाने में शिकायत कर चुके है इन्हें भी इन दोनों भाईयों से साढ़े 04 लाख रुपए लेने है. पीड़ति मुकेश ठाकरे ने बताया कि वह अगासी गांव के रहने वाले है कटंगी में कृष्णा कॉलोनी में उनका एक मकान है जहां दोनों भाईयों ने प्लाटिंग की और मुकेश ठाकरे से घर के बगल में ही एक प्लांट खरीदने के लिए कहा. मुकेश ने अपने फायदे का सौदा समझते हुए दोनों भाइयों से खरीदी-बिक्री का करार किया 08 लाख रुपए में प्लाट का सौदा हुआ जिसकी 01 वर्ष के भीतर रजिस्ट्री करनी थी. इस बीच दोनों भाई मुकेश ठाकरे से अलग-अलग किस्तों में करीब साढ़े 03 लाख रुपए ले चुके लेकिन जिस प्लाट का सौदा मुकेश से किया उसी प्लाट को किसी और को समय से पहले बेच दिया. इस बात की जानकारी मुकेश को तब लगी जब प्लाट खरीदने वाला शख्स नाप-जोप करने के लिए प्लाट में पहुंचा. जिसके बाद मुकेश ने मोहित और दीपक से बातचीत की तो दोनों विवाद करने लगे जब मुकेश ने थाने जाने की बात कहीं तब दोनों थोड़े नरम पड़े और छतेरा में प्लाट देने की बात कही लेकिन यहां भी मुकेश को प्लाट नहीं दिया. फहीम कुरैशी नाम के पीड़ति ने बताया कि पंवारी मोहल्ला में प्लाटिंग में पार्टनरी करने के नाम पर उससे 10 लाख रुपए लिए गए फिर फहीम को करीब एक लाख अस्सी हजार वापस भी किया लेकिन शेष राशि 8 लाख 20 हजार रुपए आज तक नहीं मिल पाए है।

इन दोनों ही भाईयों ने संपत्ति खरीदने में अपना पैसा इन्वेस्ट करने वाले शिक्षक, पंचायत सचिव से लेकर एक पुलिस से ठगी की है. जिन सरकारी कर्मचारियों के साथ ठगी हुई है।जिन लोगों को इन दोनों भाईयों ने ठगा है और विवाद सामने आया ऐसे में विवाद को शांत करने के लिए इन दोनों भाईयों ने पीड़ितों को अलग-अलग बैकों के चैक दिए. पैसा वापस मिल जाए इसी उम्मीद में पीड़ितों ने इनसे मिले चैकों को बैंक में भी लगाया लेकिन चैक लगाते ही पीड़ितों को पता चला कि जिस खाते के चैक है उसमें पैसा ही नहीं है. आज भी पीड़ति चैक ले-लेकर भटक रहे है बैंक के चक्कर लगा रहा है और चैक बाउंस तक करवा रहे है।

## नपा के वाहन से पुलिस प्रशासन ने शहर के वार्ड में कराई मुनादी

# किरायेदारों की जानकारी नहीं देने पर होगी कानूनी कार्यवाही :हेमंत नायक



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी नगर में मकान मालिकों द्वारा अपने किरायेदार की जानकारी पुलिस को नहीं दी जाती हैं, यही कारण है कि नगरीय क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में लोग किराये के मकान में निवास कर रहे हैं, लेकिन पुलिस रिकॉर्ड में दहाई की संख्या में भी रिकार्ड दर्ज नहीं हैं। जिसका फायदा उठाकर किराये के मकान में कई बार असामाजिक तत्व बड़ी-बड़ी घटनाओं को अंजाम देते हैं और आसानी से फरार हो जाते हैं।

### पुलिस विभाग ने कराई नगर में मुनादी

लगातार बढ़ती घटनाओं के चलते वारासिवनी पुलिस ने नगर में किराये के मकान में निवास कर रहे लोगों की पहचान और निगरानी को लेकर सतर्कता बढ़ाई है और नगरपालिका के वाहन से मुनादी के माध्यम से नगरवासियों को अवगत कराया है कि जो भी मकान मालिक बाहर से आए व्यक्तियों को मकान किराये पर दिया हैं, तो उसकी जानकारी थाने में दे, जिससे संदिग्ध और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को समय रहते चिन्हित किया जा सके। किराये पर रह रहे किरायेदार की पूरी जानकारी नाम, पता, मोबाइल नंबर और पहचान पत्र की प्रतिलिपि वारासिवनी थाने में जल्द से जल्द उपलब्ध कराये, अगर कोई मकान मालिक जानकारी छुपाता है या सत्यापन नहीं कराता हैं और भविष्य में उसके यहां से कोई आपराधिक गतिविधियॉ पाई जाती हैं, तो उसके विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### तीन दिनों के भीतर देनी होंगी जानकारी-हेमंत नायक

वारासिवनी थाना प्रभारी हेमन्त नायक ने बताया कि शहर में मकान मालिक बाहर से आए लोगों को बिना जानकारी के ही किराये पर मकान दे देते हैं, जिसका फायदा उठाकर कुछ लोग बड़ी घटनाओं को अंजाम देकर रफूचक्कर हो जाते हैं। ऐसे आपराधिक पृष्ठभूमि वाले किरायेदारों पर विशेष निगरानी रखी जा रही हैं, वहीं नगरपालिका के पार्षदों को अवगत कराया गया है कि जिन किसी के भी वार्ड में बाहरी लोग किराये पर मकान लेकर निवास कर रहे होंगे, ऐसे मकान मालिक तीन दिनों के भीतर उनकी जानकारी थाने में दे, जो मकान मालिक जानकारी नहीं दे पायेगा, उसके खिलाफ कानूनी भी कार्यवाही की जाएगी।

## विकासखण्ड की पंचायतों में निरंतर आयोजित होंगे कार्यक्रम

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के आदेशों के परिपालन में कृषि उपसंचालक श्री राजेश खोबरागड़े द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत रूट चार्ट तैयार किया गया है। जिसके अनुसार विकासखण्डवार पंचायतों में 29 मई से 12 जून तक निरंतर कार्यक्रम आयोजित किये जाने है।

## बैंक कार्यों की हुई समीक्षा

**बालाघाट।** कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट मुख्यालय से 26 मई को वीसी का आयोजन किया गया। प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री पी जोशी द्वारा निर्देशित किया गया कि शाखा और समितियों के कर्मचारी वसूली को लेकर सजग रहे। साथ ही दिए गए लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसी तारतम्य में श्री जोशी द्वारा कृषि ऋण वसूली, कृषि, मध्यमकालीन, दीर्घावधि मांग वसूली बैंक स्तर एवं सदस्य स्तर और मध्यम कालीन ऋण और नवीन केसीसी अंतर्गत प्रति समिति पांच प्रकरण, क्रिस योजनाअंतर्गत राजस्व विभाग को सौंपे गए प्रकरण, शासकीय कर्मचारी पर बकाया ऋण, ईआरपी में डाटा प्रविष्टि, खाद भंडारण, खरीफ ऋण 2025 वितरण, रुपए केसीसी कार्ड वितरण की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## 250 दिव्यांगो की डॉक्टरों ने की जांच

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** मध्यप्रदेश शासन के द्वारा हर वर्ग के लिये अनेको महत्वकांक्षी योजनाएँ बनाई गई जिसका सीधा लाभ प्रदेश की जनता को प्राप्त हो रहा है। प्रदेश सरकार के द्वारा सभी वर्ग के साथ साथ दिव्यांग वर्गों के लिये भी अनेको योजनाएं संचालित है जिसके क्रियान्वयन सभी रूप में हो रहा है कि नहीं इसका भी मध्य प्रदेश सरकार के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा रखा जाता है। 250दिव्यांगो के लिये अनेको शिविरों का आयोजन किया जाता है और उन्हे शिविर के



माध्यम से, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत के माध्यम से लाभ दिया जाता है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत किरनापुर के प्रांगण में 26 मई 2025 को कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व में दिव्याग शिविरों के माध्यम से चिन्हित हितग्राहियों व लाभार्थी दिव्यांगजनों की जांच जिला बालाघाट व जबलपुर के डाक्टरों द्वारा की गई।।इस अवसर पर जनपद पंचायत के सीईओ मनीष शेण्डे व जनपद कार्यालय की ओर से समन्वय अधिकारी एवं समस्त ग्राम पंचायत के सचिव व रोजगार सहायकों की उपस्थिति सराहनीय रही ।

## नेवरगांव, जाम, छिण्डलई, लामता मार्ग बनाने वाले ठेकेदार की लापरवाही का दंश भोग रहे जामवासी

### मार्ग के दोनों साइड नाली नहीं होने से घरों में घुस रहा पानी

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



सुरेंद्र बलोने सरपंच जाम

करोड़ों रुपए की लागत से निर्माणाधीन नेवरगांव, जाम छिण्डलई लामता सीसी सड़क बनाने वाले ठेकेदार की लापरवाही का दंश जामवासियो को भोगना पड़ रहा है सोमवार को कुछ देर हुई बारिश ने ग्राम वासियों को हलाकान कर दिया अनेको घरों में बारिश का पानी घुसा जिनके घरों में पानी घुसा वह बहुत परेशान दिखाई दिए जब उक्त गंभीर विषय पर जब जाम के सरपंच सुरेंद्र बलोने और ग्रामीणों से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि हमारे द्वारा मार्ग के दोनों साइड में कच्ची या पक्की नाली निर्माण करने सड़क बनाने वाले ठेकेदार के सुपरवाइजर से बोला गया था की कुछ ही दिन बचे हैं बारिश शुरू होने में मार्ग के दोनों साइड कच्ची या पक्की नाली का निर्माण करवाया जाए लेकिन एक महीने गुजर गए उनके द्वारा नाली नहीं बनाई गई जिसके चलते अचानक हुई थोड़ी सी बारिश में जाम में अनेको घरों में पानी घुस गया बताया जा रहा है कि बारिश होने पर ग्राम जाम की अंदर की जो रोड पीडब्ल्यूडी में टच होती है पानी निकालने के लिए जगह नहीं है कच्ची या पक्की नाली मार्ग के दोनों साइड नहीं होने से घरों में पानी घुस रहा है सरपंच ने बताया कि हमारे द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था तो कर दी गई लेकिन ठेकेदार मार्ग के दोनों साइड जल्दी से जल्दी नाली का निर्माण करवाए नाली निर्माण होने से बारिश के दिनों में घरों में पानी नहीं घुसेगा और ग्रामीण परेशान नहीं होंगे।

## एसपी ने किया किरनापुर थाने का वार्षिक निरीक्षण

### मालखाना, शस्त्रागार समेत सभी रजिस्टरों की जांच, अपराध रोकथाम के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



जिला पुलिस अधीक्षक नगेन्द्र सिंह ने सोमवार को थाना किरनापुर का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने मालखाना, शस्त्रागार, लॉकअप और थाना कार्यालय का गहन निरीक्षण किया।

एसपी ने थाने के सभी महत्वपूर्ण रजिस्टरों की जांच की। इनमें सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर, भूमि-भवन रजिस्टर और मालखाना रजिस्टर शामिल थे। महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की ।

पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी अशोक कुमार ननामा को विशेष निर्देश दिए। उन्होंने वाहन चोरी, लूट और नकबजनी की रोकथाम पर जोर दिया। महिलाओं से जुड़े अपराधों और तस्करी को रोकने के लिए सीमा पर नियमित जांच के आदेश दिए।एसपी ने पैदल गश्त, वाहन चेकिंग और बैंक की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा। संदिग्ध व्यक्तियों की जांच के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने थानाप्रभारी से कहा कि वे अपने अधीनस्थों का कुशल पर्यवेक्षण करें और निष्पक्ष कार्यवाही सुनिश्चित करें।निरीक्षण के दौरान एस आई , ए एस आई, धाना स्टाफ मौजूद रहा।

## ट्रक चालक के विरुद्ध पुलिस ने दर्ज किया अपराध

**कटंगी।** स्टेट हाईवे कटंगी से बोनकट्टा तुमसर मार्ग पर ग्राम सावरी में रविवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे रेत से भरे तेज रफ्तार डंपर क्रमांक एमपी 28 जेडएम 6942 की चपेट में आने से तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरिया (सोनेगांव) निवासी दो नौजवान युवक जितेन्द्र पिता यशवंत मांडरे उम्र 28 वर्ष और कमलेश पिता सुरज लाल कोर्राम उम्र 30 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गई थी. पुलिस ने इस पूरे मामले में डंपर चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (1) और मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 की कार्रवाई की है. सड़क हादसे के वक्त डपंर को चालक उमेश पिता सर्वानंद चन्द्रवंशी उम्र 23 वर्ष निवासी अतरवाड़ा जिला छिंदवाड़ा चला रहा था जबकि डंपर मालिक का 17 वर्षीय नाबालिक पुत्र अनुराग पिता मानसिंह रघुवंशी निवासी पातालेश्वर जिला छिंदवाड़ा बतौर परिचालक डंपर में सवार था. डंपर को जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है।

## सामूहिक सहभागिता का मॉडल अपनाकर महिला रेंजर ने की वन व वन्य जीवों की सुरक्षा

**बालाघाट।** जब काम बड़ा हो और रास्ते कठिन हो तो खास तरह की युक्ति सफलता दिलाती है और अगर वहीं काम किसी महिला के कंधों पर हो तो चुनोतियाँ और भी बढ़ जाती है। इस बड़ी चुनोती को कान्हा नेशनल टाइगर पार्क के इर्द-गिर्द की रेंज और कोर इलाके में रहीं महिला रेंजर श्रीमती सीता जमरा ने बखूबी अंजाम दिया है। 9 वर्षो से कान्हा नेशनल टाइगर पार्क कोर और बफर जोन में रेंजर के तौर पर सेवा करने वाली श्रीमती जमरा ने वन और वन्य जीवों की सुरक्षा में सामूहिक सहभागिता का मॉडल अपनाकर सशक्ति के साथ सफलताएं अर्जित की है। उन्होंने वनों पर आधारित ग्रामीणों की जीविका को समझते हुए जनजातीय महिलाओं को सशक्त करने और उन्हें आत्मनिर्भर करने की दिशा में कदम बढ़ाएं और नव युवकों में सेवा का जज्बा जगाते हुए वनों से सटे गांवों में लायब्रेरी की संकल्पना की शुरुआत की। उन्होंने बैगा महिलाएं जो बैगा संस्कृति पर आधारित परिधान और आभूषण मालाएं बनाने में कुशल महिलाओं के समूहों को बड़े स्तर पर मंच देने के प्रयास किये। ऐसे ही गांव के जो युवा रोजगार की तलाश में जुटे उनके लिए गांव में लायब्रेरी स्थापित की। इससे ग्रामीणों में उनके प्रति विश्वास जताया। फिर विभाग की योजनाओँ व नीति अनुसार सहभागिता से कार्य संपादित किये। साथ ही अपना मुखबिरी का तंत्र मजबूत किया।

### एक ही बरसात में दम तोड़ती बालाघाट-सिवनी सड़क

## लालबर्रा से कंजई तक फिर दिखने लगे गड्ढे, जल्द हो मार्ग की मरम्मत

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

बालाघाट सिवनी मार्ग पर एक ही बरसात में गड्ढे दिखाई देने लगे हैं लालबर्रा से लेकर कंजई तक अनेकों गड्ढे उभर चुके है ज़ो आम राहगीरों के लिए दुखदाई साबित हो सकते हैं, मार्ग पर धीरे-धीरे उबर रहे गड्ढो के चलते आवागमन में दो पहिया वाहनों बड़े वाहनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है देखा जाए तो महीनो गुजर गए लेकिन मार्ग की मरम्मत नहीं की गई और आने वाले दिनों में बारिश की शुरुआत होने वाली है ऐसे में मार्ग क़ो मरम्मत की दरकार है संबंधित विभाग जल्द से जल्द मार्ग पर उभरे गड्ढो की मरम्मत कराये जिससे आवागमन मे किसी भी प्रकार की परेशानी आम राहगीरों को ना हो और सरल और सुलभ आवागमन हो सके।



## कलेक्टर के आदेश की हुई अवहेलना पर अवैध खनन पर कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** सोमवार को चरेगांव पुलिस द्वारा बिना अनुमति के बोरवेल करने पर वाहन जब्त की कार्यवाही सुनिश्चित की गई। ज्ञात हो कि कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा जारी आदेशानुसार 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया था। जिसमे बिना वैध अनुमति के ट्यूबवेल खनन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। इस मामलें में एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने बताया कि बालाघाट तहसील के ग्राम कटेगांव में भवनलाल सोनडाहरे पिता शिवप्रसाद सोनडाहरे एवं आदित्य सोनडाहरे पिता राधेश्याम सोनडाहरे के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज ख. न.192/3 रकबा 0.803 हेक्टेयर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग भूमि पर बोरिंग मशीन द्वारा बोर कराया जा रहा था। जहाँ मौके पर ग्राम कोटवार के साथ पुलिस के अमले द्वारा पहुंचकर स्थल का मुआयना किया गया। जिसमें पाया गया कि संबंधित भूमि कृषि कृषि के लिए उपयोग होती है, जिसमें कोई आवास स्थल भी नही है। इसके अलावा जहाँ बोर कराया जा रहा था, इसकी अनुमति भी भूमिस्वामी के पास उपलब्ध नही है। वहीं बोरिंग मशीन के कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि 260 फ़ीट की गहराई तक भूमि में बोर किया गया है। पुलिस टीम द्वारा कलेक्टर व जिला दंडाधिकारी के आदेशों का उल्लंघन करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत कार्यवाही करते हुए मौके पर पायी गई बोरिंग मशीन क्रमांक केए-01-एमएफ-5988 एवं एक सपोर्ट बोरवेल वाहन क्रमांक केए-01-एए-2089 जब्त कर स्थल पंचनामा, जब्तिनामा सुपुर्द कर पुलिस चौकी चरेगांव थाना लामता में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है।



### सभी बुद्धिस्ट स्थलों की सुरक्षा एवं देखभाल बुद्धिस्टो को करनी होगी-गौतम पाटिल

## इस संसार में सुख एवं शांति के लिये युद्ध नहीं बुद्ध चाहिए: ढेंगरे

### बीएसआई जिला शाखा द्वारा त्रिगुण पावन पर्व हर्षोउल्लास से मनाया गया

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** विश्व शांती महोत्सव त्रिगुण पावन पर्व तथागत सम्यक सम्बुद्ध संयुक्त जयंती समारोह का आयोजन भारतीय बौद्धो की सर्वोच्च धार्मिक संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया की जिला शाखा जबलपुर के तत्वावधान में 2500 वर्ष पूर्व विश्व विजेता चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य द्वारा निर्मित नर्मदा नदी के तट पर लम्हेटा घाट भेडाघाट जबलपुर में निर्मित बोद्ध मठ (स्तूप) में बुद्ध जयंती महोत्सव सम्पन्न हुआ। इस जयंती समारोह में सामूहिक त्रिशरण पंचशील पूज्य भंते कारूणिक जी एवं भंते धम्मशरण जी द्वारा दीया गया, इस समारोह के मुख्य अतिथि एड. एस.के.भंडारे जी राष्टीय उपाध्यक्ष एवं केन्द्रीय कार्यालय प्रमुख मुंबई,बी.एच.गायकवाड गुरूजी राष्टीय सचिव एवं म.प्र. के पालक मंत्री मुंबई आप दोनो की ट्रेन विलंब से होने से वे जबलपुर नही आ सके।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के राष्टीय संघठक भोपाल थे। वही कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि डा. चरनदास ढेंगरे,संस्था के मप्र राज्य शाखा के अध्यक्ष वं केन्द्रीय शिक्षक बालाघाट थे,मुख्य वक्ता सुषमाताई पाखरे, प्रसिद्ध लेखिका, कवि, वर्धा महाराष्ट तथा अध्यक्षता यादवराव मेश्राम जिलाध्यक्ष जबलपुर द्वारा की गई थी। विशेष अतिथि केरूप में सर्वश्री बी.सी. सहारे




प्रदेश कोषाध्यक्ष भोपाल, राजकपुर कामडे प्रदेश कार्य. सचिव बालाघाट, राजेश पाटील प्रदेश सचिव छिंदवाडा, दीपक आडकने, वैजंतीला चिकाटे प्रदेश सचिव, एस.एल.वर्मा राज्य संघठक जबलपुर आदि मंचासीन रहे।

मंचीय कार्यक्रम पूर्व सभी अतिथियों ने महान सम्राट अशोक मौर्य के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। समारोह बीएसआई के नगर व जिला शाखा के सभी पदाधिकारी अपने वाईट युनिफार्म में संस्था का आईडी कार्ड धारण कर अपनी जिम्मेदारी अनुशासन से निभा रहे थे। उनके निष्ठापूर्वक कार्य से यह समारोह अपार सफलता हासिल कर सका। समारोह में सभी अतिथियों द्वारा जयंती के अवसर पर अपने विचार रखे गये। इस अवसर पर मुख अतिथि गौतम पाटिल सर ने बताया कि सभी बुद्धिस्ट स्थलो की सुरक्षा देखभाल हमे ही करनी होगी तभी हमारी ऐतिहासिक धरोहरें सुरक्षित रहेगी,संस्था के प्रदेश अध्यक्ष व प्रमुख अतिथि डा. चरनदास ढेंगरे ने अपने उदबोधन के माध्यम से बताया कि इस संसार में अमन शांती भाईचारा स्थापित करने एवं सभी के सुखमय जीवन के लिये युद्ध नही बुद्ध चाहिए। बुद्ध के सिद्धांतो पर चलने से सभी का मंगल होगा। आगे सभी कार्यकर्ता को निर्देश देते हुये बताया कि सभी ने अनुशासन में रहकर धम्म कार्य को गतिमान करना चाहिए। वही मुख्य वक्ता सुषमा ताई पाखरे ने सभी महिलाओं को धम्म की बागडोर सम्हालने हेतु आव्हान किया ताकि महिला अपने परिवार को शिक्षित जागरूक करे ताकि आधुनिक समाज का निर्माण हो सके।

अंतिम दौर में टोलोसा यूनिवर्सिटी मैक्सिको के माध्यम से डॉ बाबासाहेब इंटरनेशनल अवॉर्ड मिलने संस्था के राष्ट्रीय संगठक कार्यकम के मुख्य अतिथि,गौतम पाटिल सर भोपाल,दीपक अड़कने प्रदेश सचिव जबलपुर,राजकपूर कामडे प्रदेश कार्य.सचिव बालाघाट,आर के कटाने प्रदेश सचिव बालाघाट इनके द्वारा विगत वर्षों से उत्कृष्ट सामाजिक कार्य करने यह अवॉर्ड प्राप्त करने पर संस्था के राज्य शाखा अध्यक्ष एवं पूरे मंच एवं जिला शाखा जबलपुर द्वारा सभी का अभिनंदन एवं सम्मानित किया गया।